हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

11 मई 2025, समय 1305

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक ने कल दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। कल शाम संघर्ष विराम की घोषणा के बाद पकिस्तान ने संघर्ष विराम का बार-बार उल्लंघन किया। जिसके बाद कल रात नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लंघन का उचित जवाब दे रहे हैं। भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है और सेना को इससे सख्ती से निपटने और कड़ा जवाब देने को कहा गया है। फिलहाल सीमा पर शांति बनी हुई है।

****

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का सब ने स्वागत किया है। भारत की कार्रवाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी। पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों के बाद ही भारत ने पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया और पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए ड्रोन और मिसाइलें नष्ट कर दी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर गर्व और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश के सशस्त्र बलों ने दुश्मन को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता हमारे राष्ट्रीय संकल्प और एकजुटता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस सफल सैन्य अभियान के लिए प्रधानमंत्री और भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी। श्री नायब सिंह ने नागरिकों का, केंद्र और राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मॉक ड्रिल और अन्य तैयारियों में पूर्ण सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में नागरिकों की सजगता और सहयोग सराहनीय है।मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुस्तैदी और समर्पण से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए उनकी भी प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने संघर्ष

विराम के बावजूद सभी को सतर्क और जागरूक रहने को कहा है। उन्होंने जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है।

****

हरियाणा लोक निर्माण विभाग ने अटेली विधानसभा क्षेत्र में इस वित्त वर्ष में 27 सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। इस पर लगभग 27 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत आएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह अटेली क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे क्षेत्रीय विकास, आवागमन की सुगमता और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता में सुधार करने से न केवल यातायात की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

****

हरियाणा सरकार ने राज्य में हरित खाद को बढ़ावा देने और किसानों को रासायनिक खाद पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए योजना की घोषणा की है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि योजना के तहत जो किसान अपनी जमीन पर ढेंचा हरित खाद के रूप में उगाएंगे, उन्हें सरकार की ओर से प्रति एकड़ 1,000 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि ढेंचा खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, नमी बनाए रखने और उत्पादन लागत घटाने में सहायक है।

****

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर भारत उन वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों को नमन करता है जो देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नई तकनीक विकसित करके योगदान देते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्र गर्व के साथ उन वैज्ञानिकों के असाधारण प्रयासों को याद करता है, जिनके कारण 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण हुए थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था।

****

पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा 13 मई से ली जाने वाली परीक्षाएं पहले से घोषित तिथियों के अनुसार होंगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा स्नातक कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ली जाने वाले संयुक्त प्रवेश परीक्षा CET कल होगी। यह परीक्षा पहले से निर्धारित परीक्षा केंद्रों में ही ली जाएगी।

****

डाक विभाग ने पह ली मई से ज्ञान पोस्ट नाम से नई डाक सेवा आरंभ की है। इस नई डाक सेवा से किताबें 20 से 100 रुपये में पूरे भारत के किसी भी कोने में भेजी जा सकेगीं। जींद डाकघर के मुख्य डाकपाल संजीव कुमार ने बताया कि ज्ञान पोस्ट सेवा शुरू करने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, धार्मिक सांस्कृतिक और शैक्षिक सामग्री जैसे किताबें, पत्रिकाएं, या साहित्यिक दस्तावेज को देश के किसी भी कोने तक रियायती दरों पर पहुंचाना है। इसमें ट्रैकिंग और पोस्टिंग डिलीवरी सर्टिफिकेट की सुविधा भी रहेगी।

****